Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide financial assistance to cotton growers who suffered loss of crops due to attack of pink ball worm in Maharashtra.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : महाराष्ट्र के प्रमुख उत्पादन फसल कपास पर गुलाबी कीट (पिंक बॉलवर्म) के हमले की वजह से राज्य में इस साल कपास किसानों को अपनी उपज में नुकसान झेलना पड़ा। विशेष रूप से विदर्भ और मराठवाड़ा के यवतमाल, हिंगोली और नांदेड़ किसानों को ज्यादातर नुकसान हुआ।

किसानों की फसल को हुए नुकसान पर अपनी चिंता जताते हुए हमने अलग-अलग जगह 7 दिन का आंदोलन किया था राज्य सरकार ने इस संदर्भ में कोई भी मदद किसानों को नहीं दी है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि नुकसान ग्रस्त किसानों को सरकार की ओर से सूखी जमीन के लिए 30800 रूपये और सिंचित जमीन किसानों के लिए 37500 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।